संक्षिप्त

नाथूराम सिनोदिया का स्वागत

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। युवक कांग्रेस व एनएसयूआई द्वारा पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया के प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बनने पर स्वागत किया गया। युवक कांग्रेस अध्यक्ष तेजपाल बजाड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सिनोदिया को साफा बंधवाकर अभिनंदन कर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद महेंद्र यादव, कृष्णावतार शर्मा, गिरिराज गुर्जर, एनएसयूआई अध्यक्ष कमल डीडवाणिया, अंकित जोशी, हरीश चौधरी, शादाब खान, रवि वैष्णव, ओमप्रकाश बाना, छात्रसंघ सचिव हरीराम गुर्जर, विवेक चौधरी, मनीष मेघवाल, चंदन गर्ग, प्रियांशु भाटी, अभिषेक शर्मा, दुष्यंत चौधरी, आकाश ठाकुर, राजेश सैनी, भेरू बजाड, अभय सिंह, चंद्रप्रकाश डबरिया, डीजेन्द्र गहलोत, प्रदीप वैष्णव, आर्यन खान, राजेश वैष्णव, सौरभ सैन सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

ब्यावर, (निसं)। 33/11 केवी सब स्टेशन संदरिया से जारी 11 के वी फिडर पाली बाजार फीडर का आवश्यक रखरखाव मरम्मत कार्य होने के कारण शुक्रवार 23 सितंबर को समय 10 बजे से 3 बजे तक विधुत आपूर्ति बन्द रहेगी। जिसके कारण सम्बन्धित क्षेत्र सेन्ट पॉल स्कुल, लोकाशाह नगर प्रथम, द्वितीय, प्रताप कोलोनी, कुन्दन नगर, कडीवाल मौहल्ला, लौहार बस्ती, जैन कोलोनी, विनोद नगर, लोढा कोलोनी, मुणोत कोलोनी, ओम नगर, राम नगर, फतेहनगर विटदल बस्ती, मेवाडी गेट बाहर का एरिया इत्यादी सम्बंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

स्टेशन को पॉलीथिन मुक्त किया

मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत अपना संस्थान की और से रेल्वे स्टेशन के बाहरी परिसर को पोलीथीन मुक्त किया गया। पेडों के झडे कचरे को एकत्र कर निस्तारण किया। स्टेशन को कचरा मुक्त करने के उदेश्य को लेकर टीम ने श्रमदान कर किया। इस दौरान संस्थान के प्रो. आर.पी.शर्मा, एस एन पंवार, रामस्वरूप शर्मा, ओ पी भाटी, रूपेन्द्र सिंह, रेल्वे स्काउट अधिकारी मुरलीधर, स्टेशन सुपरिटेंडेंट राजाराम बंजारा के अलावा राजकीय आईटीआई प्रभारी अनुदेशक ज्योति आचार्य व आईटीआई छात्र उपस्थित रहे।

परिवहन विभाग की सेवाएं रहेगी प्रभावित

अजमेर, (कासं)। ऑनलाइन वाहन प्रदूषण जाँच केन्द्र के लिए पोर्टल राजस्थान पीयूसी को वर्तमान क्लाउड सर्वर से राजस्थान सरकार के डाटा सेन्टर पर स्थानांतरित करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते 24 से 26 सितम्बर तक ऑनलाइन पीयूसी प्रमाणपत्र जारी का कार्य अस्थायी रूप से बन्द रहेगा। किसी वाहन का पीयूसी प्रमाण पत्र इस समयावधि के दौरान समाप्त होने की स्थिति में इसे शुक्रवार तक बनवाया जा सकता है।

संभागीय आयुक्त लेंगे समीक्षा बैठक

अजमेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा की अध्यक्षता में 28 सितम्बर को सुबह 9.30 बजे वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त निदेशक पुष्पा सिंह मेहरा ने बताया कि इसमें प्रशासन शहरों के संग अभियान, इन्दिरा रसोई योजना, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना एवं इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारण्टी योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए

अजमेर, (कासं)। राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसकी अंतिम तिथि 29 सितम्बर है। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य शेलेन्द्र माथुर ने दी।

यूरोलॉजी शिविर 7 अक्टूबर से

अजमेर, (कासं)। जीव सेवा समिति के सहयोग से जेएलएन चिकित्सालय में नि:शुल्क 8 दिवसीय यूरोलॉजी शिविर का आयोजन 7 से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। यह जानकारी चिकित्सालय के अधीक्षक ने दी।

अवैध हथियारों के साथ तस्कर गिरफ्तार

- पूर्व में भी आरोपी पांच अवैध हथियारों की सप्लाई मामले में जेल जा चुका है
- जिला स्पेशल व कोतवाली थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

पुलिस ने आरोपी तस्कर से 3 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे व 6 जिंदा कारतूस बरामद किये।

अजमेर, (कास)। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर अवैध हथियार की तस्करी और तस्कारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को जिला स्पेशल टीम और कोतवाली थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने उसके कब्जे से 3 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे और छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। पुलिस आरोपी तस्कर से अवैध हथियारों को लेकर पूछताछ में जुटी है।

पुलिस उपअधीक्षक वृत उत्तर छवि शर्मा ने गुरुवार को खुलासा करते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर जिले सहित शहर में अवैध हथियारों की तस्करी करने और हथियार की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सूचना के आधार पर जिला स्पेशल टीम और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। संयुक्त टीम ने हथियार तस्कर तहसील डेगाना जिला नागौर निवासी इरफान चांगल पुत्र सतार मोहम्मद को हाथीभाटा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तीन देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। शर्मा ने बताया कि आरोपी इरफान एक कुख्यात हथियार तस्कर है। पूर्व में भी आरोपी पांच अवैध हथियारों की सप्लाई करने के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी तस्कर ने बताया कि अवैध हथियार किसी बड़े गैंगस्टर को ही हथियारों की तस्करी करने के लिए जा रहा था। आरोपी इरफान ने बताया कि वह हथियार अन्य राज्य से राजस्थान के विभिन्न जिलों में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करना है। पुलिस आरोपी से जब्त किए गए हथियार यहां किसको सप्लाई करने थे, इसको लेकर पूछताछ में जुटी है।

किशोरी उत्सव मेले में चाट्र्स, मॉडल की प्रदर्शनी

प्रदर्शनी का आयोजन दिनेश कुमार प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में हुआ।

ब्यावर (निसं)। राजकीय सनातन धर्म उमावि ब्यावर में विद्यालय स्तरीय एक दिवसीय किशोरी उत्सव मनाया गया। उत्सव मेले में छात्र छात्राओं द्वारा चाट्र्स, माडल की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सुनीता गहलोत ने जानकारी दी कि कक्षा 6 से 8 व 9 से 12 के विद्यार्थियों ने तीन जोन में प्रदर्शनी हिन्दी अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक स्वास्थ्य बाल अधिकार के अनुसार प्रदर्शनी का आयोजन दिनेश कुमार प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में किया गया।

किशोरी मेले में भगवती खन्ना, रूचि दाधीच, सरिता नरेनिया का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में हरकरण जलवानियां, निरंजन मिश्रा सीपी पारीक ओमप्रकाश कुमावत बाबूलाल सीरवी रहे। राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में भी शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी स्तरीय किशोरी शैक्षिक उत्सव मेला का आयोजन किया गया। सीआरसी प्रभारी निर्मल कुमार खींचा ने बताया की जैन गुरुकुल नोडल अधीन 11 विद्यालयों ने भाग लिया और कम से कम प्रत्येक जोन से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले कुल 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। माध्यमिक स्तर के 36 और प्राथमिक स्तर के 54 बालिकाओं ने भाग लिया। उन्होंने कई तरह के प्रोजेक्ट, मॉडल और चार्ट बनाएं। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजीव चौधरी ने सबका धन्यवाद किया। इसमें गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी दस्तावेज, केरियर, सामाजिक परिस्थितियों से संबंधित कई विषयों पर प्रोजेक्ट चार्ट एवं मॉडल तैयार किए गए। निर्णायक समिति ने 3जोन के प्रथम, द्वितीय, तृतीय माध्यमिक स्तर के 9 व 3 जोन के प्राथमिक स्तर के 9 यूसीइइओ स्तरीय प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विद्यार्थियों का चयन किया। जिनके वीडियो बनाकर ब्लॉक स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मेल पर अपडेट किया गया। यूसी इइओ स्तर पर भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

जीएलएफ के अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन

गुलाबपुरा, (निसं)। पंचायत समिति हुरडा ब्लॉक के राजस्थान ग्रामीण राजीविका विकास परिषद द्वारा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड हुरड़ा के कवलियास गांव में अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन पंचायत समिति हुरडा प्रधान का कृष्ण सिंह राठौड़, जिला परिषद सदस्य राम लाल खटीक, प्रतिनिधि भेरूलाल पाराशर टोकरवाड सरपंच कैलाश चौधरी, गढ़ वालों का खेड़ा हेमराज चौधरी, फलामादा महिपाल सिंह चुंडावत, स्थानीय सरपंच सीमा कुमावत, समाजसेवी गोतम सुराणा ने वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया।

ब्लॉक परियोजना अधिकारी हरि नारायण प्रजापत ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया व ब्लाक में चलाए जा रहे हैं। राजीविका महिला सर्वांगीण विकास समिति लिमिटेड के कार्य के बारे में जानकारी देते बताया कि इस क्षेत्र में 219 महिलाओं का समूह बनाकर 1करोड 60 लाख की ऋण राशि उपलब्ध कराई है। प्रधान राठौड़ से राजीविका मिशन कार्यालय के लिए एक स्थाई कार्यालय की मांग की।

प्रधान राठौड़ ने राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही राजीविका मिशन योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से जुड़कर महिलाएं अपने स्वरोजगार की ओर अग्रसर है। राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड कवलियास मैं स्थाई कार्यालय निर्माण करवाने एवं प्रशासनिक रूप से संपूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने नए कार्यालय के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।राजीविका क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान समाजसेवी राम प्रसाद कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी कालू राम कुमावत, नरेगा सहायक महावीर जाट भगवत सिंह, क्लस्टर प्रभारी रेखा रावत, तारा प्रजापत, ललू कंवर, सीमा भाटी, मीना लोहार, पिंकी कवर, लक्ष्मी देवी, छोटी देवी, राधिका, सीएलएफ के पदाधिकारी हुरडा ब्लॉक की 8 ग्राम पंचायतों की महिलाएं मौजूद थी।

पोस्ट ऑफिस में चोरी की वारदात

अजमेर, (कासं)। गांधी भवन स्थित पोस्ट ऑफिस की मुख्य ब्रांच में गुरुवार को चोरी की वारदात सामने आई है। शातिर तरीके से चोर ने काउंटर में रखे 1 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। यह पूरी घटना पोस्ट ऑफिस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामले में कोतवाली थाना पुलिस अनुसंधान कर रही है।

जानकारी अनुसार गुरुवार को 11 बजे के करीब टोपी पहन कर चोर गांधी भवन स्थित पोस्ट ऑफिस की मुख्य ब्रांच में पहुंचा और काउंटर नंबर 3 पर जाकर खड़ा हो गया। कुछ देर तक वह आसपास के लोगों को देखता रहा और मौका पाकर काउंटर पर पड़े 1 लाख की नगदी लेकर फरार हो गया। जानकारी पोस्ट ऑफिस को तब मिली जब काउंटर इंचार्ज लोकेश यादव वहां पहुंचे तो उन्हें काउंटर से नगदी गायब मिली। कुछ देर तक आसपास पता करने के बाद पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा वहां लगे सीसीटीवी को चेक किया गया तो उसमें एक टोपी पहना व्यक्ति शातिर तरीके से 2 मिनट में काउंटर से नगदी लेकर फरार होता दिखाई दे रहा है। पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों से मिली शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

आत्मनिर्भर बनेगी ग्रामीण दिव्यांग महिलाएँ : प्रफुल्ल चंद्र चौबीसा

- 10 दिव्यांग महिलाओं को व्हील चेयर का वितरण

कार्यक्रम का शुभारम्भ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर, उपनिदेशक प्रफुल्ल चंद्र चौबीसा, नीदरलैंड एम्बेसी जूस्ट वेन ओस्टेन्बरूगन, श्वेता कौशिक के द्वारा किया गया।

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल अजमेर एवं मोटिवेशन इंडिया बेंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में नीदरलैंड एम्बेसी के सहयोग से 10 दिव्यांग महिलाओं को विशेष इग्लेंड में डिजाईन की हुई व्हील चेयर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर, उपनिदेशक प्रफुल्ल चंद्र चौबीसा, नीदरलैंड एम्बेसी जूस्ट वेन ओस्टेन्बरूगन, श्वेता कौशिक, मोटिवेशन इंडिया के बीजू मैथ्यू निदेशक, राखी नाथावत प्रोग्राम हेड, सिद्धार्थ गौड़ फिजियोथेरेपिस्ट, क्षमा आर कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी एवं राकेश कुमार कौशिक निदेशक राजस्थान महिला कल्याण मंडल के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रफुल्ल चन्द चौबीसा ने कहा की ये व्हील चेयर अपने आप में यूनिक है विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ मिटटी और उबड़ खाबड़ रास्ते होते है वहाँ के लिये बहुत उपयोगी होगी।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए क्षमा आर कौशिक ने बताया की संस्था द्वारा संचालित सी. बी.आर. और स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी दिव्यांग महिलाओं को कभी बैंक के काम से और कभी घर का सामान खरीदने के लिए बाहर जाना पड़ता है परन्तु दिव्यांग होने के कारण जाना मुश्किल होता है और कच्चे और उबड़ खाबड़ रास्तों पर व्हील चेयर नही चलती है इसलिए संस्था ने मोटिवेशन इंडिया बेंगलोर के साथ मिलकर ये विशेष व्हील चेयर डिजाईन की है जिससे इस प्रकार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ये महिलाऐं आसानी से आ जा सकेंगी। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया की हर व्हील चेयर को प्रत्येक महिला के नाप और साइज के अनुसार बनाया गया है, जिससे उनका पोस्चर खराब नहीं होगा।

कार्यक्रम के दौरान संस्था से तरुण शर्मा, अनुराग सक्सेना, लक्ष्मण सिंह चौहान, पद्मा चौहान, सत्तार मोहम्मद, पुखराज माली, करुणा शर्मा, बरखा गहलोत, विक्रांत बोयत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नानूलाल प्रजापति ने किया था।

बैठक में गौवंश में चल रहे लम्पी स्किन रोग के प्रकोप के बारे में चर्चा की

- पुष्कर पशु मेला के लिए सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

कलैक्टर अंश दीप ने बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर अंश दीप की अध्यक्षता में पुष्कर पशु मेला 2022 की सलाहकार समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक प्रफुल्ल माथुर ने बताया कि पुष्कर पशु मेला 2022 सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिले के गौवंश में चल रहे लम्पी स्किन रोग के प्रकोप के बारे में चर्चा की गई। गत 5 वर्ष के आँकडों का विशेषण करने पर पाया गया कि पशु मेले में गौवंश की संख्या में कमी आ रही है। इस कारण लम्पी स्किन रोग का प्रकोप पूरी तरह से समाप्त होने पर ही गौवंश को मेले में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। इस सम्बन्ध में सरकार से उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्यवाही की जाएगी। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवंटित कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पशु मेला नवीन स्थल पर आयोजित किया जाएगा। वहाँ पर पशुपालकों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। नवीन स्थल के लिए नई पाईपलाईन डालने, टंकी बनाने, विद्युत लाईन, खेलियां तथा सड़क निर्माण के लिए आवश्यकतानुसार राशि के प्रस्ताव तैयार करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने पुष्कर सरोवर के घाटों पर समुचित व्यवस्था के लिए नगरपालिका पुष्कर के अधिकारियों को निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी सुखराम पिण्डेल ने कहा कि नवीन स्थल पर ऊँटों तथा घोड़ों के लिए अलग-अलग स्थान आरक्षित किया जाए। पशु प्रतियोगिताओं के निर्णायकों की सूची में प्रशासन तथा पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर कैलाश चन्द्र शर्मा एवं भावना गर्ग,अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कोषाधिकारी, उपायुक्त नगर निगम सीता वर्मा सहित पुष्कर मेले से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सार-समाचार

ऑनलाईन आवेदन की तिथि 31 अक्टूबर

अजमेर, (कासं)। अल्पसंख्यक समुदायों के छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाने वाली अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्तिके लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तथा बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि नेशनल स्कॉरशिप पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के लिए संबंधित सरकारी अथवा निजी संस्था का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवाईसी एवं आधार प्रमाणीकरण कराना आवश्यक है। इसके अभाव में संबंधित संस्था के विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। जिले की समस्त शेष शिक्षण संस्थाए अविलम्ब एनएसपी पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करे तथा अल्पसंख्यक वर्ग के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्तिके लिए जागरूक कर एनएसपी पोर्टल पर नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाईन आवेदन करवाना सुनिश्चित करे। साथ ही प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों को समय सीमा के भीतर जांच के बाद जिला नोडल स्तर पर ऑनलाईन अग्रेषित करना सुनिश्चित करें। शिक्षण संस्था द्वारा प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति के प्राप्त आवेदन जांच के बाद अग्रेषित करने की अंतिम तिथि भी 16 अक्टूबर है। इसी तरह पोस्ट मेट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स के छात्रवृत्ति के प्राप्त आवेदन जांच उपरांत अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर है।

गोवंश को बचाने के लिए 5 लाख रुपये

बिजयनगर/मसूदा, (निसं)। गोवंश में फेल रहे लंपी स्किन रोग से बचाव के लिए क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक पारीक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गोवंश को बचाने, उन्हें पौष्टिक आहार के साथ समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विधायक कोष से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। जैव विविधता समिति के अध्यक्ष तरुण कच्छावा ने बताया कि बेजुबान गौवंश में फैल रही लम्पी वायरस ग्रसित गंभीर गायों के लिए पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाइ्यां, टीके और संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक ने ग्रामीण क्षेत्र में गो वंश को बचाने के लिए गो सेवको द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। ग्रामीण क्षेत्र में और भी अधिक आर्थिक सहायता व गौवशं मे फैल रही लम्पी स्कीन बीमारी की रोकथाम एंव इलाज के लिए आवश्यक दवाईया, स्प्रे छिडकाव सामग्री एंव वैक्सीन की जरूरत है इसके चलते मसूदा विधायक ने लंपी बीमारी के इलाज के लिए विधायक कोष से अनुशंषा जारी करने के लिए कहा कि विधायक राकेश पारीक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए विधायक कोष से 5 लाख रुपये पशुपालन विभाग अजमेर को दिए हैं। इससे पशु चिकित्सकों को लंपी बीमारी से ग्रसित गौवंश को बचाने में में मदद मिलेगी। रोग ग्रस्त गोवंश को स्वस्थ गोवंश से अलग रखने की व्यवस्था की जा रही है जिससे पशुओं में रोग नहीं फेले इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

अजमेर, (कासं)। पुरानी मंडी क्षेत्र स्थित सार्वजनिक शौचालय की दीवार तोडने के मामले में नगर निगम प्रशासन ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है, साथ ही पास में चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाकर नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम के उपायुक्त सीता वर्मा ने बताया की पुरानी मंडी क्षेत्र में बीती रात सार्वजनिक शौचालय की दीवार अज्ञात वाहन द्वारा तोड़ दी गई इसको लेकर निगम की ओर से थाना कोतवाली में वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। शौचालय के पास ही नरेश अग्रवाल नामक व्यक्ति का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य को भी रुकवाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। स्थानीय पार्षद का आरोप है की सगड़ी गली में बिना निगम की अनुमति के भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि इस निर्माण कार्य के चलते ही सार्वजनिक शौचालय की दीवार टूट गई। नगर निगम इस निर्माण कार्य की स्वीकृति की जांच करा रहा है इसके लिए निर्माणकर्ता को नोटिस जारी किया गया है और तीन दिवस में निर्माणकर्ता को स्वीकृति के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया गया है यदि बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य किया जा रहा होगा तो उसके विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एडीएम ने कार्यों का किया निरीक्षण

भीलवाडा, (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में की गई घोषणाओं की मॉनिटरिंग के लिए विभागवार संबंधी कार्यों के संयुक्त निरीक्षण, यथासमय क्रियान्वयन एवं प्रगति के लिए अति जिला कलक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त जांच दल गठित किया गया। इस क्रम में गुरुवार को अति. जिला कलेक्टर (शहर) उत्तम सिंह शेखावत ने नगर विकास न्यास के कार्यों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आर.ओ.बी. जोधडास, हाई लेवल ब्रिज जोधडास एवं हाईलेवल ब्रिज सांगानेर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने न्यास क्षेत्राधिकार में आर.सी. व्यास योजना एवं चित्तौड रोड प्रगति पथ पर सडक रेस्टोरेशन के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान न्यास के सचिव अजय कुमार आर्य, अधीक्षण अभियन्ता विनीत कुमार सक्सेना, अधिशाषी अभियन्ता जगदीश सिंह पलसानिया, सहायक अभियन्ता महिपाल ढाका, रविन्द्र सिंह कुशवाहा एवं संबंधित कनिष्ठ अभियन्ता उपस्थित रहें ।

पवन जोशी अध्यक्ष बने

परबतसर, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम सेवा सहकारी समिति बासेड के संचालक मंडल के चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। ज़ोनल अधिकारी विजेंद्र कुमार व्यवस्थापक सुरेंद्र सिंह सह व्यवस्थापक प्रदीप सिंह जोनल अधिकारी गंगा राम गोदारा की देखरेख में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पवन जोशी सिडियास को चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र व्यास बस्सी को निर्विरोध चुना, संचालक मंडल में हरि सिंह सिडियास पांचू राम मेघवाल हसन खां श्यामनाथ बस्सी उमराव सिंह नाथू सिंह राजपुरोहित रामलाल चौधरी मोहनी देवी सिरे कंवर अऋणी सदस्य पूर्व उप प्रधान ओम प्रकाश जोशी बासेड पूर्व अध्यक्ष शिम्बु पुरी गोस्वामी भाजपा युवा नेता मदन गुर्जर बासेड दुर्गाराम बासेड सरफुद्दीन बस्सी श्रवन सिंह घिसु सिंह भुत पूर्व जिला परिषद सदस्य भंवरलाल बाजडोलिया सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेघवाल सिडियास पीलवा सरपंच बंशीलाल खटीक तर्पेंद्र सिडियास रुपचंद जोशी शिम्बु सिंह आशीन बस्सी आदि काश्तकारों व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

क्वारंटाइन सेंटर बनाने की मांग

भीलवाडा, (निसं)। प्रदेश भर में चल रही लंपी वायरस नामक बीमारी से संपूर्ण राजस्थान में प्रकोप बढता जा रहा है। क्षेत्र में पिछले दिनों अनेक गौवंश इसकी चपेट में आ चुके है। शाहपुरा में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर ने उपखंड अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। पत्र में बताया की जो लंपी से संक्रमित गौवंश है उनके लिए पृथक रूप से क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाया जाए जिससे कि अन्य गौवंश व पशुओं पर असर ना पडे। उपखंड अधिकारी सुनीता यादव ने कहा कि निश्चित रूप से आइसोलेशन जगह बनाने को लेकर विभाग तैयारी में है जल्द ही गौवंश के लिए टीनशेड लगाकर आइसोलेट हाउस तैयार किया जाएगा। जिससे अन्य पशुओं पर प्रभाव नहीं पडेगा। तहसीलदार नारायण लाल जीनगर ने कहा कि प्रशासन के साथ साथ जनता भी लंपी वायरस को मिटाने में गोवंशों की रक्षा करे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर, आदित्यवर्धन सिंह, विजेंद्र सिंह, जयवर्धन सिंह राणावत, आकाश पाराशर मौजूद रहे।

अस्पताल में जरूरतमंदों को भोजन

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर सिटी के तत्वावधान में दो सौ जरूरमंद व्यक्तियों को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में मिष्ठान युक्त भोजन की सेवा दी गई। लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रान्तीय कार्यक्रम आवश्यकता अनुरूप सेवा के तहत संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में अपने रोगों का इलाज कराने के लिए आने वाले रोगियों, उनके परिजनों के अलावा अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को लायन अलका गर्ग के सहयोग से मिष्ठान युक्त शुद्ध एवं सात्विक भोजन की सेवा दी गई। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन फूड फॉर हंगर लायन अतुल पाटनी के संयोजन में किया गया। इस कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष लायन कमल शर्मा क्लब अध्यक्ष ओम स्वरूप माथुर, सचिव संजय जैन, लायन नंदलाल पोखरना, लायन संपत कोठारी, लायन सत्यनारायण नुवाल, लायन मुकेश गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।

मेडिकल एजूकेशन सेमिनार कल

अजमेर, (कासं)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं संतोबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार 24 सितंबर को अजमेर में मेडिकल एजुकेशन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।